तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

12 शिक्षक यज्ञ कुमार ने बच्चों को कराया नेवता भोज



11 वाहन चोर पकड़ा गया बाइक की गई बरामद



खबर संक्षेप

खपरी में दशहरा उत्सव कल

अण्डा। दुर्ग के समीपस्थ ग्राम खपरी (सिलोदा) में 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रीराम दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्रीराम दशहरा उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। समिति के अनुसार, शाम 7 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात 8 बजे अतिथियों का स्वागत-सम्मान होगा। रात 8:30 बजे रामलीला मंचन के बाद रावण दहन किया जाएगा। रात 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत जिला बालोद के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी नाचा 'मोर गवई गंगा बोरी (परसाही)' की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलगांव पार्षद अश्वनी निषाद तथा बोराई के पूर्व सरपंच एवं संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में खपरी-सिलोदा की सरपंच अनुसुईया नारायण साहू, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू, दिनेश यादव, पूर्व सरपंच हेमंत देशमुख, अजय वैष्णव, नारायण साहू, राजकुमार साहू, दयालु राम साहू और डिलेश्वर साहू सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। पूर्व सरपंच नारायण साहू ने क्षेत्र के धर्मप्रेमियों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

माहेश्वरी भवन में जुटे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और व्यापारी; प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के सवालों पर खुलकर रखी अपनी राय

डेढ़ दशक पुराने बालोद जिले में विकास की छटपटाहट, जिला संवाद में हर वर्ग ने विकास की संभावनाओं पर की खुलकर बात







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हरिभूमि-आईएनएच की ओर से शुक्रवार को माहेश्वरी भवन में आयोजित जिला संवाद में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और व्यवसायियों से लेकर समाज के हर वर्ग ने बालोद जिले के विकास को लेकर अपनी बाते रखी।

हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने तमाम प्रतिनिधियों से बालोद जिले के मौजूदा हालात और संभावनाओं को लेकर सवाल किये। इस दौरान जिला गठन के डेढ़ दशक के बावजूद अपेक्षित विकास ना होने और दल्लीराजहरा जैसे शहर की आबादी लगातार कम होने जैसे मुद्दो पर वक्ताओ ने चिंता जताई और भविष्य को बेहतर बनाने विकास के लिए एकजुटता दिखाई। जिला संवाद के दौरान अलग -अलग सत्र हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि जिले में खनिज और कृषि के क्षेत्र में सबसे ज्यादा विकास की संभावनाएं है। उन्होने यह भी बताया कि तीन बड़े उद्योग को जिन्हे जमीन आबंटित की जा चूकी है और इंडस्ट्रीयल पार्क के लिए सीएसआईडीसी को प्रस्ताव जा चुका है।

वहीं पुलिस कप्तान किरण गंगाराम चौहान ने बताया कि प्रदेश में साक्षरता के मामले में बालोद स्थान पर है और यहां अपराध के मामले में अन्य जिलो के अपेक्षा स्थिति बेहतर है। उन्होने सायबर क्राईम के प्रति जागरूक रहने की अपील बालोद वासियो से की और बताया कि पिछले तीन साल में यहां 30 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।



जनप्रतिनिधियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप, लेकिन विकास पर एकजुट

आरोप प्रत्यारोप के दौर के बीच विकास पर सबने सहमति जताई। जिला संवाद में जनप्रतिनिधियों ने बालोद जिले के विकास को लेकर अपनी बाते खुलकर रखी। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पहले 15 साल छत्तीसगढ़ में तत्कालीन रमन सरकार जो कार्य नहीं कर पाई उसे महज 2 साल में भूपेश सरकार ने कर दिखाया। बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने शक्कर कारखाने के संचालन में आ रही दिक्कतो पर ध्यान आकर्षण कराया। डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया ने कृषि महाविद्यालय की जरूरत बताई। वहीं पूर्व विधायक राजेन्द्र राय ने केन्द्र और राज्य सरकार के कार्यो की तारीफ करते हुए रावघाट रेललाईन का कार्य पूरा होने को लेकर एक उपलब्धि बताया। सभी जनप्रतिनिधियों ने इस बात पर सहमति बताई कि राजनीति से ऊपर उठकर विकास के मामले में सभी एक है।

व्यापारियों और विशेषज्ञों ने रखीं अपनी बात और विकास के लिए जरुरतें

जिला संवाद में जिले के व्यवसायियो ने भी अपनी बात रखी चेंबर ऑफ कांमर्स बालोद के अध्यक्ष हरिश सांखला ने कहा कि यहां बड़े उद्योग लगना चाहिए जिससे यहां रोजगार की उपलब्धता बड़े। डॉ प्रदीप जैन ने शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित विकास नही होने पर चिंता जताई। सीबीएसई स्कूल का संचालन कर रहे डॉ. जैन ने बताया कि स्थानीय स्तर पर केंद्रिय विद्यालय के लिए अब तक प्रयास सफल नहीं हो पाया है। उद्योगपति जयंत किरी ने उद्योगो की स्थापना में पंचायतो की एनओसी को एक बड़ी चुनौती बताया। चिकित्सक क्षेत्र से आईएनए के अध्यक्ष डॉ. राहुल अग्रवाल ने कहा कि इन्फ्रा स्ट्रक्चर और ज्यादा बढ़ाने की आवश्यकता है क्योकि दुर्ग, भिलाई, रायपुर से यहां डॉक्टर आकर बसना नही चाहते। दल्लीराजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने दल्लीराजहरा की आबादी सवा लाख से घटकर 35 हजार तक पहुंचने पर चिंता जताई। एक अन्य सत्र में अध्यक्ष नगर पालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी चन्द्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा तोरण लाल साहू, अध्यक्ष नगर पालिका पलारी यानेश साहू, महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृष्णा दुबे, चेयरमेन राज्य रेड क्रांस सोसायटी एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला अध्यक्ष कांग्रेस बालोद चन्द्रेश हिरवानी ने भी अपनी बाते रखी।



बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, छिंदवाड़ा, गोंदिया जैसे क्षेत्रों के मार्गों पर आवाजाही होगी आसान

कुम्हारी से अहिवारा होकर पथरिया तक 24.06 करोड़ रुपए से सड़क का होगा चौड़ीकरण, पुल और पुलिया का भी होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्टेट हाईवे क्रमांक-21 कुम्हारी-अहिवारा-पथरिया मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन को मंजूरी मिल गई है। करीब 26.60 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के उन्नयन से सड़क की स्थिति बेहतर होने के साथ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग को सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ बनाने के लिए डामरीकरण सहित आवश्यक संरचनात्मक कार्य कराए जाएंगे।

अलग खबर

यह मार्ग छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश को जोड़ने के साथ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों एवं महत्वपूर्ण आवागमन केंद्रों के लिए उपयोगी है। मध्यप्रदेश के कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क प्रदान करता है। इसके अलावा बैहर, मलाजखंड, बालाघाट, सिवनी, गोंदिया जैसे क्षेत्रों को राजधानी रायपुर से जोड़ता है। दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचलों एवं अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से राजधानी रायपुर की ओर आवागमन में इस मार्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। मार्ग के सुदृढीकरण से किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों

26.60 किमी मार्ग का होगा रिनोवेशन
दो-दो मीटर तक साइड शोल्डर का किया जाएगा विस्तार



और दैनिक यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क से यात्रा अधिक सुगम एवं सुरक्षित होगी तथा समय और परिवहन लागत में कमी आएगी। कृषि उपज एवं अन्य सामग्री के परिवहन को भी गति मिलेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

26.60 किमी सड़क का होगा सुदृढ़ीकरण

परियोजना के तहत कुल 26.60 किमी मार्ग का सुदृढीकरण एवं उन्नयन किया जाएगा। सड़क पर 60 मिलीमीटर डीबीएम तथा 40 मिलीमीटर बीसी की डामरीकरण परत का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2 मीटर साइड शोल्डर का निर्माण प्रस्तावित है। इन कार्यों से सड़क की मजबूती, टिकाऊपन और जल निकासी व्यवस्था में सुधार होगा। प्रोजेक्ट के लिए 24.06 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। प्रशासनिक स्वीकृति 24 नवंबर 2025 को जारी हुई थी, जबकि कार्यादेश 8 सितंबर 2026 को जारी किया गया है। कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

5.89 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगे 6 नए स्कूल भवन

दुर्ग। जिले में स्कूल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों को सुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगातार अधोसंरचना विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग, दुर्ग संभाग दुर्ग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 6 नवीन हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए शासन द्वारा लगभग 5.89 करोड़ रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। पाटन, धमधा, दुर्ग और भिलाई क्षेत्र के इन भवनों को नवंबर-दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों को इनका लाभ मिल सके। इनमें विकासखंड पाटन एवं धमधा सहित दुर्ग एवं भिलाई क्षेत्र के शासकीय स्कूल भवन शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार स्वीकृत कार्यों में पाटन विकासखंड के तेलीगुंडरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, धमधा विकासखंड के खिलोराकला और देवरी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन शामिल हैं। वहीं दुर्ग विकासखंड के पुलगांव और कैंप-02 भिलाई में शासकीय हाईस्कूल भवन तथा धमधा विकासखंड के मलपुरीकला में हाईस्कूल भवन का निर्माण कराया जाएगा। तेलीगुंडरा, खिलोराकला और देवरी में बनने वाले हायर सेकेंडरी स्कूल भवनों के लिए प्रत्येक भवन हेतु 121.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार तीनों भवनों के निर्माण पर कुल 363.48 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



हायर सेकंडरी स्कूलों में 9 क्लासरूम और दो प्रयोगशालाएं

निर्माणाधीन हायर सेकंडरी स्कूल भवनों में 9 क्लासरूम, भौतिक शास्त्र और रसायन शास्त्र के लिए पृथक प्रयोगशालाएं, प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय की सुविधा रहेगी। इससे कक्षा संचालन के साथ विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अध्ययन के लिए भी उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा। नवीन हाईस्कूल भवनों में 4 क्लासरूम, आर्ट रूम, कंप्यूटर रूम और लैब रूम का प्रावधान है। साथ ही प्राचार्य एवं स्टाफ के लिए कार्यालय तथा आवश्यक शौचालय भी बनाए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ कला, कंप्यूटर एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों के लिए सुविधाएं मिलेंगी।

खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा 1 जनवरी 2027 की स्थिति में मतदाता पुनरीक्षण शुरू किया गया है। इसे लेकर कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर को किया जाएगा। 11 दिसंबर तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 28 दिसम्बर तक आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 4 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्रवाई समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

भिलाई। महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद अशफाकउल्ला खान की जयंती पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
अशफाकउल्ला खान भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया
कुरैशी ने बताया कि उनका जन्म 22 अक्टूबर 1900 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। वे बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। काकोरी कांड में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मृत्युदंड दिया। 19 दिसंबर 1927 को फैजाबाद जेल में उन्हें फांसी दी गई। उनका अदम्य साहस, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। शहीद अशफाकउल्ला खान और महान क्रांतिकारी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की मित्रता भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिंदू-मुस्लिम एकता और सांप्रदायिक सद्भाव की अनुपम मिसाल है। दोनों ने धर्म और मजहब से ऊपर उठकर मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने बलिदान से देशवासियों को एकता, भाईचारे तथा राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित पूरा देश उनके त्याग, वीरता और देशभक्ति को सम्मानपूर्वक स्मरण करता है। उनकी जयंती हमें यह प्रेरणा देती है कि हम आपसी मतभेदों को भुलाकर देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सौहार्द को मजबूत करें। शहीद अशफाकउल्ला खान का जीवन व बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रसेवा-देशप्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

जन मुक्ति मोर्चा का अनूठा दशहरा, सामंतवाद पूंजीवाद और भ्रष्टाचार रूपी रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ ने 22 अक्टूबर को शहीद वीर मेला मैदान में अनूठे अंदाज में दशहरा मनाया। यहां प्रतीकात्मक रूप से सामंतवाद, पूंजीवाद, साम्राज्यवाद और भ्रष्टाचार रूपी रावण का दहन कर सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के संदेश से हुई। प्रदीप साहू, टिकेश्वर साहू, सुरेश बघेल, राजभान साहू और उनके साथियों ने एकल उपयोग प्लास्टिक तथा पेड़ों की कटाई से होने वाले दुष्प्रभावों पर विचार रखकर लोगों को जागरूक किया। इसके बाद माटरा, खुज्जी (जिला राजनांदगांव) की जय मां सरस्वती रामधुनी एवं फाग परिवार ने रामलीला का मंचन किया। कार्यक्रम में शहीद अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ. शैबाल जाना ने माता सीता के संघर्ष और जीवन से सीख लेने की बात कही। वहीं, थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने मोबाइल के जरिए निजता भंग होने और बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी से बचने के लिए अपना ओटीपी किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। रात्रि करीब 10 बजे रंगीन आतिशबाजी के बीच सामंतवाद, पूंजीवाद, साम्राज्यवाद और भ्रष्टाचार के प्रतीक रावण का दहन किया गया। इसके बाद रामलीला का मंचन जारी रहा, जिसमें कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और पूतना वध की लीला भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शैबाल जाना ने की। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुनील तिर्की रहे। विशेष अतिथियों में युवराज साहू, रमन्ना राव, सुजीत झा, नागेंद्र, प्रवीण शर्मा, कंवल बैगा, कलीराम सलामे, बसंत रावटे, महेंद्र गंजिर और संजय सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर विद्युत मंडल के सुनील ठाकुर, डॉ. दिपांकन जाना, डॉ. वेदकुमार घंटा, डॉ. प्रीति अधिकारी, डॉ. टेसा, डॉ. अमित बाबू, शंकर साहू तथा जन मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ के जीत गुहा नियोगी, मूलचंद चंदेल, चंद्रशेखर यादव, विजय सिंह, नरेंद्र ग्वाल, मानी भैया, हितेश साहू, शैलेंद्र नेताम, ग्रीजित दुग्गा, सुधीर यादव, नरेश नायक, नवल चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू और भोमराज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन ईश्वर निर्मलकर ने किया।



- माता सीता का संघर्ष अनुकरणीय, साइबर ठगी से रहें सावधान

महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक

मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाइटें बंद, कांग्रेस ने किया विरोध अगले ही दिन एमआईसी से 1.95 करोड़ का प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों के मुख्य मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने विरोध दर्ज कराया है। एक दिन पहले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद गुरुवार को हुई एमआईसी की बैठक में 1.95 करोड़ रुपए की लागत से बेहतर प्रकाश व्यवस्था, बिजली पोल के लिए पारित कर शासन को भेजा गया। बैठक में महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त लीना कोसम प्रमुख रूप से मौजूद थे। दोपहर 3 बजे डाटा सेंटर में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास, निर्माण कार्यों, सड़क एवं नाला निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विभागवार विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय एवं स्वीकृति की कार्रवाई की गई।

बैठक में महापौर अलका बाघमार द्वारा मंगाई गई सात बिंदुओं की जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रस्तुत की। महापौर ने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति एवं प्रस्तावों की जानकारी लेते हुए शहर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए 1.95 करोड़ रुपये का प्रस्ताव,बैठक में विद्युत विभाग द्वारा निगम क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर पोल एवं प्रकाश व्यवस्था स्थापित करने के लिए 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत 1 करोड़ 95 लाख 84 हजार 720 रुपये का प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया।



शहर में स्थापित होगी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा

उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री की घोषणा के परिपालन में संचालनालय द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए अधोसंरचना मद से 50 लाख रुपये की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में इस कार्य के स्थल परिवर्तन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। प्रस्ताव के अनुसार वार्ड क्रमांक 18 में पुलिस चौकी के सामने स्थित चौक के पास प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। बैठक में वार्ड 52 स्थित बिम्लेश्वरी कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। 15वें वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट मद के अंतर्गत इस कार्य के लिए आर्या कंस्ट्रक्शन, दुर्ग को कार्यादेश जारी किया गया है। वार्ड पार्षद के पत्र के आधार पर प्रस्तावित 4×4 फीट के नाले के स्थान पर 2×2 फीट की नाली निर्माण की मांग रखी गई, जिस पर प्रस्ताव प्रस्तुत कर विचार किया गया। इसी प्रकार गणपति विहार से मां कर्मा पीएमएवाई-एएचपी आवास तक सीसी अप्रोच रोड सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर तामकर, काशीराम कोसरे पस्थित रहे

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निगम पहुंचकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद के नेतृत्व उप नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र पटेल एवं पार्षद भास्कर कुंडले, श्रीमती मनीषा सोनी,ब्लॉक प्रभारी संजय बत्रा के विशेष उपस्थिति में आज नगर पालिक निगम दुर्ग की उपायुक्त को शहर के 60 वार्डों एवं मुख्य मार्गों में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। अलताफ अहमद ने बताया कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कुल 60 वार्ड हैं। लगभग सभी वार्डों में विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें पिछले 2 से 3 महीनों से बंद पड़ी हुई हैं। वहीं शहर के कई मुख्य मार्गों एवं चौराहों की लाइटें भी बंद हैं। इसमें जेल चौक से महात्मा गांधी प्रतिमा तक, जेल चौक से महाराजा चौक मिनीमाता चौक पुलगांव तक, शहीद चौक से एफसीआई गोदाम तक, गंजपारा चौक से नयापारा चौक बघेरा तक के बहुत से खंभों की लाइटें बंद हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रकाश सीमांकर पूर्व पार्षद अशोक मेहरा, सांई मंदिर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत तिवारी, चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कल्याण सिंह ठाकुर, फिरोज खान, रानी देवांगन, ईश्वर साहू, गणेश सोनी, पूर्व एल्डरमेन जगमोहन ढीमर, शशिकांत तिवारी, बृजमोहन तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



भाजपा का लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान शुरू, 5 नवंबर तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसा 5 नवंबर तक लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत निर्धारित सात कार्यक्रमों के समन्वय एवं संचालन की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे को सौंपी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में आयोजित बैठक के दौरान यह जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण



एसआईआर को लेकर जनजागरूकता बढ़ाना और विपक्ष के आरोपों के जवाब में भाजपा का पक्ष तथ्यों के साथ जनता के सामने रखना है। इसके माध्यम से

निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची का प्रकाशन राजनीतिक दलों के सामने आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत नगर निगम भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा एवं नगर पालिका परिषद जामुल के लिए 1 अक्टूबर अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए समय-अनुसूची जारी की गई है। जारी आदेश के परिपालन में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 23 अक्टूबर को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत 23 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई है। इसके लिए राजनीतिक दलों से स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि को बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है।

निजी स्कूलों में प्रवेश से लेकर पढ़ाई जारी रखने तक मिलेगी सहायता

पढ़ाई छोड़ने पर शिक्षा से वंचित बच्चों को कानूनी मदद दिलाएगा नालसा, मनमानी पर होगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आर्थिक तंगी, सामाजिक परिस्थितियों और अन्य कारणों से पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना बड़ी चुनौती है। दुर्ग जिले में भी शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने और स्कूलों में प्रवेश के दौरान होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) ने शिक्षा योजना-2026 शुरू की है। इसके तहत पात्र बच्चों और उनके अभिभावकों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

खास खबर



आरटीई में प्रवेश के लिए आने वाली बाधाओं को करेगा दूर

इस योजना का उद्देश्य केवल बच्चों का स्कूल में दाखिला कराना नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई लगातार जारी रखना और शिक्षा के अधिकार से जुड़े मामलों में कानूनी मदद देना भी है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत प्रवेश दिलाने में आने वाली बाधाओं को दूर करने पर विशेष जोर रहेगा।

जिला और तहसील स्तर पर बनेगी व्यवस्था

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला एवं तहसील स्तर पर विशेष इकाइयां गठित करने की योजना है। ये इकाइयां आरटीई की धारा 12(1)(ग) के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए अभिभावकों को मार्गदर्शन देंगी। आवेदन भरने, आवश्यक दस्तावेज जुटाने और प्रवेश प्रक्रिया समझने में सहायता दी जाएगी।

नियम विरूद्ध शुल्क पर भी लगेगी रोक : आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को प्रवेश निःशुल्क हैं। प्रदेश सरकार ऐसे बच्चों की शैक्षणिक फीस वहन करता है।

दाखिले के बाद भी रखी जाएगी नजर

नालसा योजना के तहत बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के बाद उनकी नियमित उपस्थिति और पढ़ाई जारी रहने पर भी नजर रखने की व्यवस्था प्रस्तावित है, ताकि बच्चे दोबारा पढ़ाई से दूर न हों। जिले में शाला त्यागी बच्चों को चिह्नित कर उनकी शिक्षा की स्थिति जानना और उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ना भी जरूरी होगा। नालसा की यह पहल तभी प्रभावी होगी, जब शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन और विधिक सेवा प्राधिकरण मिलकर काम करेंगे। दुर्ग जिले में हजारों बच्चों के पढ़ाई छोड़ने की चुनौती के बीच जरूरत है कि प्रत्येक बच्चे तक योजना की जानकारी पहुंचे और पात्र परिवारों को समय पर सहायता मिले।



खबर संक्षेप

ग्राम पटेल ने स्कूल में कराया न्योता भोज

बालोद/निकुम। सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार की भावना को साकार करते हुए ग्राम देवसरा में ग्राम पटेल जागेश्वर दास वैष्णव ने प्राथमिक शाला देवसरा में अध्ययनरत स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज जैसी पहल बच्चों के पोषण को बढ़ावा देने के साथ ही उनमें अपनत्व और सामूहिकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रधानपाठक राकेश कुमार साहू ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के जागरूक लोगों की सहभागिता से विद्यालयों में बच्चों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। ग्राम पटेल की इस पहल ने बच्चों के पोषण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा–संकल्प की भावना को उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय शिक्षक मनीष कुमार मसियारे, सतीशचंद्र दीक्षित एवं वरिष्ठ डामन साहू, पालक समिति अध्यक्ष राम सिंग साहू अन्य उपस्थित थे।

शरद पूर्णिमा 25 अक्टूबर को मनाई जायेगी

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष 25 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा मनाई जायेगी। सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा का एक विशेष महत्व है। इसे आरोग्य का पर्व भी कहा जाता है। परिषद के अध्यक्ष पंडित बालेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं से पूर्ण होकर अपनी किरणों से धरती पर अमृत वर्षा करते हैं। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में आकाश में उदित चन्द्रमा से अमृतमयी किरणें धरती पर गिरती हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि में लोग घरों की छत या आंगन पर खीर रखते हैं। उसी खीर को प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है।

तर्रागोंदी में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी स्पर्धा 25 को

धमतरी। ग्राम तर्रागोंदी (सिलौटी) में नवज्योति क्लब के तत्वावधान में ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को रखा गया है। प्रथम से चतुर्थ पुरस्कार क्रमशः 7001, 5001, 3001 और 2001 रुपए रखा गया है।

जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 को

सिर्री। धमतरी जिला देवांगन समाज की कार्यकारिणी बैठक 25 अक्टूबर रविवार को देवांगन धर्मशाला नहर नाका चौक दानीटोला धमतरी में सुबह 11 बजे रखी गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

आयोजन : दल्लीराजहरा में भव्य विसर्जन के साथ परंपरा का हुआ समापन

बंगाली समाज का 68वां सार्वजनिक दुर्गा उत्सव, सिंदूर खेला के साथ मां को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बंगाली समाज का 68वां सार्वजनिक दुर्गा उत्सव धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। 16 से 21 अक्टूबर तक चले इस आयोजन का समापन महादशमी पर मां दुर्गा की प्रतिमा के भव्य विसर्जन के साथ हुआ। वर्ष 1959 से जारी यह परंपरा आज दल्लीराजहरा की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। उत्सव का शुभारंभ 16 अक्टूबर को राजहरा महिला समाज की अध्यक्ष रेणुका सिंह द्वारा मंदिर द्वार का फीता काटकर किया गया। छह दिनों तक कोलकाता से आए विद्वान पंडितों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। मंत्रोच्चार और ढाक की गूंज से पूरा पूजा परिसर भक्तिमय बना रहा। आयोजन में नगरवासियों और बंगाली समाज के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

आगे लक्ष्मी और काली पूजा का आयोजन : बंगाली समाज के अनुसार, 25 अक्टूबर को रात 8 से 9 बजे तक श्री श्री कोजागिरी लक्ष्मी पूजा तथा 8 नवंबर को रात 9 बजे से अगले दिन रात 12:30 बजे तक श्री श्री काली पूजा आयोजित की जाएगी। समाज ने सभी श्रद्धालुओं को शामिल होने का आमंत्रण दिया है।



सिंदूर खेला के बाद मां दुर्गा को दी विदाई



महादशमी पर पारंपरिक सिंदूर खेला का आयोजन हुआ। महिलाओं ने मां दुर्गा के चरणों में सिंदूर अर्पित कर एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां को विदाई दी। समाज प्रमुख गगन चंद्र पांडे ने आयोजन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी सहयोगकर्ताओं, नगरवासियों और प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह सांस्कृतिक परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

धुनुची नृत्य, चांडालिका और संधि पूजा रहे आकर्षण

उत्सव के दौरान पारंपरिक धुनुची नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। सप्तमी पर बंगाली महिला समिति और बच्चों ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की रचना 'चांडालिका' पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की, जिसका संचालन डॉ. रूना दास ने किया। सांसद भोजराज नाग भी आयोजन में पहुंचे और समिति ने उनका सम्मान किया। महाअष्टमी पर विशेष संधि पूजा में 108 कमल के फूल अर्पित किए गए। 108 दीपों और 108 मोमबत्तियों से ॐ की आकृति सजाई गई। इसके साथ ही रंगारंग संगीत कार्यक्रम आयोजित हुए। नवमी पर राजहरा आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति ने उत्सव में सांस्कृतिक रंग भरे। विभिन्न कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक पदाधिकारियों और खदान प्रबंधन से जुड़े अतिथियों का सम्मान किया गया।

वाहन चोर पकड़ा गया बाइक की गई बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया गया है। थाना गुण्डरदेही पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई की गई। घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की पतासाजी में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। तकनीकी साक्ष्यों एवं उपलब्ध जानकारी के आधार पर संदेही की पहचान कर पूछताछ की गई। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 24 पी 6193 बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी ग्राम खुटेरी (रंग) निवासी कीर्तन लाल साहू ने 18 अक्टूबर को थाना गुण्डरदेही में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही परिसर में खड़ी उनकी मोटरसाइकिल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना गुण्डरदेही पुलिस एवं साइबर सेल की टीम द्वारा घटना स्थल तथा आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर आरोपी की पतासाजी की गई।

- सीसीटीवी फुटेज खंगालकर की गई पूछताछ

जांच के दौरान संदेही ग्राम हिरुखपरी थाना रनचिरई निवासी देवराज उर्फ देवा कोसरे 22 वर्ष से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर उसके बताए अनुसार चोरी की मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया।

रेल अफसरों ने यात्रियों से किया संवाद, सुझाव लिए और शिकायतें सुनीं, निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद और दल्लीराजहरा सहित मंडल के 36 रेलवे स्टेशनों पर रेल जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से किया सीधा संवाद, सुझावों और शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

- दल्ली राजहरा, बालोद रेलवे स्टेशनों में 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम

रेलवे बोर्ड के दिशा–निर्देशों के अनुरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के तहत गुरुवार को 'पैन इंडिया रेल जनसंवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत रायपुर मंडल के 36 रेलवे स्टेशनों और 7 रेलवे उपक्रमों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बालोद एवं दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन भी इस पहल में शामिल थे।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यात्रियों एवं आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानना तथा रेल सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार करना रहा। रेल जनसंवाद के दौरान रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों, युवाओं और आमजन से बातचीत कर स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, यात्री सुविधाओं तथा अन्य रेल सेवाओं से संबंधित प्रतिक्रियाएं प्राप्त कीं। यात्रियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

रेलवन ऐप, इंक्वायरी सिस्टम व ट्रेन परिचालन की दी जानकारी: इस दौरान यात्रियों को रेलवन ऐप, नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम एनटीइस और ट्रेन परिचालन से जुड़ी उपयोगी जानकारियां भी दी गईं। प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कर उनके निराकरण की दिशा में कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंतर्गत यात्रियों को रेलवे परिसर में कचरा नहीं फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

अपने कचरे के प्रति निभाएं जिम्मेदारी

अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कचरे के प्रति जिम्मेदारी निभानी चाहिए और कचरे का उत्पादन कम करने का प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग नहीं करने तथा उनके स्थान पर कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की गई। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यात्रियों को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारी, संबंधित स्टेशन प्रबंधक, वाणिज्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं अन्य रेलकर्मी उपस्थित थे।

अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत पर परिजनों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा में उपचार के दौरान 36 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मृतक के परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मियों पर समय पर समुचित उपचार उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में शोक का माहौल रहा। अपने जवान बेटे को खोने के गम में मां का विलाप हर किसी को भावुक कर गया। वहीं, महज 10 दिन की नवजात बेटी और तीन वर्षीय बेटे के सिर से पिता का साया उठ जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

- परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों पर समय पर समुचित उपचार नहीं कराने का लगाया आरोप

जानकारी के अनुसार ग्राम तिलखैरी निवासी तोमेश कुमार पिता राजकुमार साहू 36 वर्ष 22 अक्टूबर की रात लगभग 9 बजे अचानक चक्कर खाकर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन रात करीब 10 बजे निजी साधन से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा लेकर पहुंचे। यहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. रूपेश शाह ने ओपीडी पर्ची तैयार कर प्रारंभिक उपचार किया। चिकित्सक की ओर



से स्थिति सामान्य बताते हुए घर जाने की सलाह दिए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, परिजनों ने मरीज की स्थिति को गंभीर मानते हुए उसे अस्पताल में ही रखने का निर्णय लिया। मृतक के छोटे भाई योगेश कुमार साहू ने आरोप लगाया कि अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनके भाई को सीने में तेज दर्द हो रहा था। रात लगभग चार बजे जब उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने लगी, तब उन्होंने ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्सों से सहायता मांगी। परिजनों का कहना है कि आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद काफी देर से स्वास्थ्यकर्मी बाहर आए और मरीज को इंजेक्शन लगाया। परिजनों के अनुसार, उस समय मरीज की सांसें तेज चल रही थीं। उन्होंने ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का आग्रह किया, लेकिन आरोप है कि उनकी बात को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें प्रतिकूल जवाब दिया गया। बाद में ऑक्सीजन लगाए जाने की बात कही गई, मगर तब तक मरीज की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

मृतक के भाई ने यह भी आरोप लगाया कि रात लगभग 10 बजे के बाद अस्पताल में ड्यूटी चिकित्सक की उपलब्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरीज की गंभीरता को समझकर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाता, तो संभवतः स्थिति अलग हो सकती थी। परिजनों के मुताबिक, सुबह लगभग सात बजे तोमेश कुमार साहू ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल की उपचार प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मरीज को रातभर अस्पताल में रखने के बावजूद आईपीडी में भर्ती करने संबंधी पंजीयन नहीं किया गया और ओपीडी पर्ची के आधार पर ही उपचार की प्रक्रिया चलती रही।

परिजनों ने यह दावा भी किया है कि चिकित्सक की ओर से उनके सामने उपचार में चूक होने की बात स्वीकार की गई थी। हालांकि, इस कथित स्वीकारोक्ति तथा उपचार में लापरवाही के आरोपों की अस्पताल प्रबंधन की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड डौंडीलोहारा द्वारा विजयादशमी पर्व के अवसर पर नगर के राम मंदिर प्रांगण में उत्साह, श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में विजयादशमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर अनुशासन, संगठन,

- संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव, जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया

सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा में स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के साथ हुआ। यहां से निर्धारित मार्ग पर पथ संचलन प्रारंभ किया गया। अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए स्वयंसेवक नगर के मस्जिद चौक, काली मंदिर, पुराना बस स्टैंड, विवेकानंद चौक, इंदिरा मार्केट और राजापारा सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए राम मंदिर प्रांगण पहुंचे। पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों का उत्साह और अनुशासन देखते ही बन रहा था। नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। पूरे मार्ग में उत्सवपूर्ण वातावरण बना रहा।



ये रहे शामिल

कार्यक्रम में भोला राम साहू, कार्यकारिणी सदस्य, दिलीप बाफना, एल्डरमैन; होमलाल पटेल, प्रधानाचार्य; चेमन साहू, प्रधानाचार्य, संजय देहारी, प्रधानाचार्य, रूपेश सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष, भागीरथी यादव, जिला प्रचारक बालोद, भानुदेवदास साहू, कुटुम्ब प्रबोधनी, गजेन्द्र चक्रधारी, डोमार साहू, प्राचार्य, तोरन ठाकुर तथा नवज्ञानोदय शिक्षण समिति के सदस्यगण सहित अनेक गणमान्य नागरिक और खंड के स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष माननीय सियाराम सार्वा ने उपस्थित अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी का धन्यवाद करते हुए सामाजिक एकता, संगठन और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने की भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। उक्त जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार-प्रसार प्रमुख अशोक सिन्हा ने दी।

शस्त्र पूजन कर किया राष्ट्रसेवा का संकल्प

राम मंदिर प्रांगण में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी माननीय संजय दुबे, मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रमुख बलराम गुप्ता तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम सार्वा ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार एवं द्वितीय सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के साथ भारत माता के तैलचित्र पर पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात पारंपरिक विधि-विधान से शस्त्र पूजन संपन्न हुआ। शस्त्र पूजन के माध्यम से शक्ति, साहस, आत्मरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण के भाव को अभिव्यक्त किया गया। विजयादशमी पर्व भारतीय संस्कृति में असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए भी यह पर्व संगठन के स्थापना दिवस और सामाजिक जागरण के दृष्टिकोण से विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों ने राष्ट्रहित में कार्य करने, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।

शस्त्र आत्मरक्षा और शौर्य के प्रतीक

मुख्य अतिथि बलराम गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय परंपरा में प्राचीन काल से ही शास्त्र और शस्त्र दोनों की पूजा की जाती रही है। शास्त्र मनुष्य को ज्ञान, विवेक, संस्कार और सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, जबकि शस्त्र आत्मरक्षा, साहस और शौर्य के प्रतीक हैं। पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवकों ने नगरवासियों के बीच अनुशासन, एकजुटता और राष्ट्रसेवा की भावना का संदेश दिया। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सामाजिक सहभागिता और उत्सव के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। विजयादशमी उत्सव के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग से आपसी सहयोग, सद्भाव और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की।

पति ने पत्नी पर मिट्टीतेल डालकर लगाई आग, गंभीर

धमतरी। बच्ची के लिए स्वेटर खरीदने के लिए कहने पर पति ने पत्नी पर मिट्टी तेल डालकर आग लगा दी। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़रा संबलपुर निवासी रेणुका साहू का विवाह बीते वर्ष 2025 में बलराम साहू के साथ हुआ था। वर्तमान में उसकी लगभग तीन माह की बच्ची है।

खबर संक्षेप

हथियार लहराकर डराने धमकाने वाला गिरफ्तार

भिलाई। नेवई पुलिस ने गुरुवार को स्टेशन मरोदा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर धारदार हथियार लहराकर आम नागरिकों को डराने-धमकाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस टीम ने गवाहों की उपस्थिति में मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की तथा आरोपी को हथियार सहित पकड़कर वैधानिक कार्रवाई की। मुखबिर से सूचना मिली कि स्टेशन मरोदा स्थित रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गवाहों को तलब किया और हमराह स्टाफ के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर एक व्यक्ति स्टील का धारदार हथियार लहराते हुए मिला। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम करन निहाल उर्फ चेरी उम्र 28 वर्ष निवासी शंकरपारा उड़िया बस्ती स्टेशन मरोदा बताया। आरोपी के कब्जे से स्टील का नुकीले आकार का धारदार हथियार बरामद हुआ। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

चाकूबाजी में युवक की मौत, आरोपी फरार

भिलाई। चाकूबाजी के एक मामले में 19 वर्षीय युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि बॉम्बे आवास निवास शिवा सोनी पर रंजिश के चलते चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक शिवा सोनी पर अज्ञात ने चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में शिवा को गंगोत्री अस्पताल दुर्ग लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को अस्पताल की मरचूरी भेजा गया है। जहां पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा जाएगा। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जिले में चाकूबाजी के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है इसे लेकर पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है लेकिन नशे की हालत में युवकों द्वारा कटर से लेकर चाकू तक चला रहें है। हल ही में पुलिस तीन दर्जन से अधिक चाकूबाजी करने वालों पर कार्रवाई किया था। टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि घटना हुई है आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आसपास के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

कल्याण कॉलेज से बंटेंगी मतदान सामग्रियां

भिलाई। नपानि भिलाई निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत कल्याण कॉलेज, सेक्टर-7 भिलाई में निर्वाचन सामग्री के वितरण एवं वापसी की व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम तैयार करने की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, आयुक्त सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सिली थॉमस, अनुविभागीय दंडाधिकारी सोनल डेविड सहित निगम टीम की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन सामग्री के व्यवस्थित वितरण एवं वापसी, स्ट्रांग रूम के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन कर निर्वाचन कार्यों को व्यवस्थित एवं निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला संवाद : प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने 6 सत्रों में मंत्रियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की बेबाक चर्चा

जिले के विकास और ज्वलंत मुद्दों पर चार घंटे मैराथन मंथन, शिक्षा, उद्योग व कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आईएनएच एवं हरिभूमि के जिला संवाद में सरकार के ढ़ाई साल के विकास एवं समस्याओं के साथ जिले की कई ज्वलंत समस्या, मांगे, आवश्यकता उभरकर सामने आई। प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कुल 6 सत्र में जिले के प्रभारी मंत्री जिला के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, शिक्षाविद, स्वास्थ से जुड़े प्रमुखो से बेबाकी से चर्चा की। संवाद में मंच से जिला प्रभारी मंत्री ने बताया भाजपा में अनुशासन भंग करने वाले निपट जाएंगे।

चार घंटे चले मैराथन संवाद में जिले की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, पिछड़ा उद्योग, रोजगार मूलक शिक्षा, नर्सिंग कॉलेज की स्थिति महाविद्यालय की आवश्यकता, बीएड कॉलेज जैसी केंद्रिय विद्यालय की कमी जैसे प्रमुख आवश्कता उभरकर सामने आए। पूरे संवाद के दौरान लगातार कम हो रही दल्लीराजहरा की जनसंख्या, इन्डस्ट्रीज को लेकर आ रही समस्या उभरकर सामने आई। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उदासीनता भी सामने आई कि यहां केंद्रिय विद्यालय जिला बनने के 14 सालों बाद भी नहीं खुल सका। जिला में इन्डस्ट्रीयल पार्क के लिए स्थल चयन विलेख सहित इन्डस्ट्रीज के लिए सरकारी औपचारिकता की समस्या को देखते हुए सिंगल विंडो प्रणाली प्रारंभ करने की मांग भी उठी।

प्रभारी मंत्री ने अनुशासनहीनता पर दी कड़ी चेतावनी



राजनीतिक सत्र में गरमाया माहौल : विधायकों ने रखे अपने पक्ष

चर्चा के दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने कानून व्यवस्था का विषय उठाया। कहा की छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार हो रही है। बच्चीयों पर एसिड हमला हो रहा है। बच्चे स्कूलो में आत्महत्या कर रहे है। गन्ना का भुगतान व बोनस के लिए भाजपा के लोग ही धरना प्रदर्शन कर रहे है। कुंवर सिंह निषाद ने कहा की भाजपा सरकार में स्कूलों में कक्षाएं बंद की जा रही है। भाजपा सरकारी कार्यालयों को बंद कर जिला का विकास बाधित कर रही है। विधायक अनिला भेड़िया ने कहा जिला कृषि प्रधान है जहां कृशि महाविद्यालय की जरूरी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया जिले में उद्योग के लिए भूमि का चिन्हाकंन हो चुका है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण मे है जिले में शांति है। संवाद में जिले के तीनो विधायको के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, छत्तीगढ़ रेडक्रास सोसायअी प्रदेश चेयरमेन जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, चेबर ऑफ कामर्स अध्यक्ष हरीश सांखला जिला संवाद के दौरान अलग अलग सत्र चेंबर ऑफ कांमर्स बालोद के अध्यक्ष हरिश सांखला, डॉ प्रदीप जैन, उद्योगपति जयंत किरी, आईएनए के अध्यक्ष डॉ. राहुल अग्रवाल, दल्लीराजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, अध्यक्ष नगर पालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी चन्द्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका दल्लीराजहरा तोरण लाल साहू, अध्यक्ष नगर पालिका पलारी यानेश साहू, महामंत्री छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी कृष्णा दुबे, चेयरमेन राज्य रेड क्रांस सोसायटी एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला अध्यक्ष कांग्रेस बालोद चन्द्रेश हिरवानी, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निशाद, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डौण्डीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, पूर्व विधायक राजेन्द्र राय, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस कप्तान किरण गंगाराम चौहान ने अपनी बात रखी।



शिक्षक यज्ञ कुमार ने बच्चों को कराया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड के ग्राम अछोली स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में बुधवार को शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन ने अपने जन्मदिन को अनूठे और प्रेरणादायक अंदाज में मनाया। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए नेवता भोज का आयोजन किया।

इस दौरान बच्चों को खीर-पूड़ी परोसी गई और शिक्षक ने उनके साथ बैठकर भोजन किया। शिक्षक की इस पहल से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन ने अपने जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय बच्चों के साथ खुशियां बांटने का निर्णय लिया। उन्होंने अपने हाथों से बच्चों को खीर-पूड़ी परोसी। इस आत्मीय पहल से बच्चे काफी उत्साहित नजर आए। बच्चों ने अपने शिक्षक को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके साथ खुशियां साझा करने से बड़ा उपहार कोई नहीं हो सकता। इसी भावना के साथ उन्होंने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाने का निर्णय लिया।

शिक्षक की पहल बनी प्रेरणा

विद्यालय के प्रधान पाठक आर.एम. सिद्दीकी ने शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अपनत्व की भावना विकसित होती है। साथ ही शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच आत्मीय संबंध मजबूत होते हैं। उन्होंने इसे अन्य शिक्षकों और समाज के लिए भी प्रेरणादायक पहल बताया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक विजय यादव, ग्राम के गणमान्य नागरिक रामेश्वर बेलांद्रे एवं रोशन साहू सहित विद्यालय के शिक्षक जितेंद्र कुमार बघेल, कुंती देवांगन, तारा भूआर्य, बी. ठाकुर, खंजन गांवरे और उषा भूआर्य सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षक यज्ञ कुमार देवांगन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक आर.एम. सिद्दीकी ने उपस्थित अतिथियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षक के इस आत्मीय प्रयास ने जन्मदिन को सेवा, सहयोग और बच्चों के साथ खुशियां बांटने का यादगार अवसर बना दिया।

गायत्री परिवार दीप यज्ञ, प्रभात फेरी और देवयज्ञ के जरिए देंगे संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विकासखंड डौंडीलोहारा में जिला स्तरीय ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या कार्यक्रम का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत डौंडीलोहारा ब्लॉक के 80 गांवों तक युग निर्माण योजना और विचार क्रांति अभियान का संदेश पहुंचाया जाएगा। गायत्री परिवार के परिजन गांव-गांव पहुंचकर दीप यज्ञ, यज्ञ और जनसंपर्क के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण, समाज के नवजागरण, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन तथा गौ संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 24 अक्टूबर को निर्धारित गांवों में ग्राम भ्रमण किया जाएगा।

> ■ डौंडीलोहारा के 80 गांवों में 24-25 अक्टूबर को गूंजेगा युग निर्माण का संदेश

इसके पश्चात संध्याकाल में दीप यज्ञ का आयोजन कर युग निर्माण का संदेश दिया जाएगा। वहीं, दूसरे दिन 25 अक्टूबर को दूसरे गांव में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ एवं युग संदेश का कार्यक्रम आयोजित होगा। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीणों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और सकारात्मक विचारों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

गायत्री शक्तिपीठ में होगी जिला स्तरीय गोष्ठी

कार्यक्रम के अंतर्गत 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से गायत्री शक्तिपीठ में कार्यकर्ताओं एवं परिजनों की जिला स्तरीय गोष्ठी आयोजित की जाएगी। इसमें ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या कार्यक्रम की समीक्षा की जाएगी तथा आगामी कार्ययोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। गांव-गांव तक अभियान के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने और भविष्य में सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को गति देने के संबंध में भी चर्चा की जाएगी।

गांवों में प्रभारियों की नियुक्ति, तैयारियां पूरी

कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अभियान को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए सभी गांवों में ग्राम प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। वहीं, दो से तीन गांवों के लिए एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। ये पर्यवेक्षक जिले के विभिन्न विकासखंडों से आने वाले आचार्यों की व्यवस्था एवं समन्वय की जिम्मेदारी संभालेंगे, ताकि निर्धारित कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सकें। ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार एवं कार्यक्रम प्रभारी भोलाराम साहू ने सभी गायत्री परिजनों तथा संबंधित गांवों के श्रद्धालु भाई-बहनों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने और सहयोग प्रदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्राम तीर्थ-ग्राम प्रव्रज्या के माध्यम से जन-जन तक युग निर्माण का संदेश पहुंचाकर संस्कारवान समाज के निर्माण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरण की दिशा में सामूहिक प्रयास किए जाएंगे।

---

11 थानों के 294 मामलों में जब्त की गई 34 हजार लीटर शराब पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में 11 थानों के 294 पुराने आबकारी मामलों में जब्त शराब नष्ट कर दी गई। इसकी कुल मात्रा 33,920.145 बल्क लीटर बताई गई है। यह शराब साल 2011 से पहले दर्ज मामलों में जब्त की गई थी। न्यायालय और कलेक्टर के आदेश के बाद पर्यावरण विभाग से अनुमति लेकर तय प्रक्रिया के तहत किया गया है।

पुलिस ने बताया कि अलग-अलग थानों में आबकारी से जुड़े मामलों में जब्त शराब लंबे समय से सुरक्षित रखी गई थी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे नष्ट करने का निर्णय लिया गया। शराब नष्ट करने की कार्रवाई थाना सुपेला के अंतर्गत निर्धारित स्थान पर की गई। इस दौरान शराब नष्ट करने वाली टीम के साथ आबकारी विभाग, राजस्व प्रशासन, पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। विभागों की निगरानी में तय प्रक्रिया के मुताबिक शराब नष्ट की गई, ताकि उसका दोबारा इस्तेमाल न हो सके। शराब नष्ट करने से पहले न्यायालय और कलेक्टर के आदेश लिए गए। इसके साथ ही पर्यावरण विभाग से भी जरूरी अनुमति प्राप्त की गई। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जब्त शराब का नष्ट किया गया।

कुम्हारी सेजेस में 44 लाख से बने 5 कमरों का सांसद विजय बघेल ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत वार्ड 14 स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल कुम्हारी में अध्ययनरत 1500 विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 5 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय विजय बघेल के विशेष प्रयासों से डीएमएफ से 43.81 लाख की लागत से इन आधुनिक कक्षाओं का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का विधिवत लोकार्पण किया।

सांसद ने विद्यालय की प्राचार्या एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक दुबे व अन्य पदाधिकारियों द्वारा स्कूल की समस्याओं और आवश्यकताओं को लेकर निरंतर की गई चर्चा का विशेष रूप से जिक्र किया।

लाल रघुबीर सिंह स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजन

नमो सेवा-अनसुनी कहानियां की संगीतमय नाट्य प्रस्तुति ने मोहा मन, विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर पंचायत डौंडीलोहारा के लाल रघुबीर सिंह स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत "नमो सेवा-अनसुनी कहानियां" संगीतमय नाट्य प्रस्तुति का भव्य आयोजन किया गया। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा के छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार अभिनय कला, मधुर संगीत और प्रभावशाली मंचन से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसकी उपस्थित अतिथियों और नागरिकों ने सराहना की। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनबरसा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, एल्डरमेन धीरेन्द्र टांक, पार्षद ममता यादव, ममता शर्मा, रेवती कोलियारे एवं सूर्यकला ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू, रेंगाडबरी भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा जी, भाजपा कार्यकर्ता प्रकाश सोनबरसा तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम विशेष रूप से शामिल हुए।

विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने बांधा समां: "नमो सेवा–अनसुनी कहानियां" विषय पर आधारित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति का मार्गदर्शन कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एनुका शार्वा ने किया। सहायक नोडल हेमंत साहू सहित शिक्षक लवन साहू, ललित गौर, जितेन्द्र देशमुख, डुप्ले साहू, कपिल पटेल, डोमेंद्र साहसी, छगन बंछोर, खिलेश्वरी साहू और किरण छेदाम ने आयोजन में सहयोग दिया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय, संवाद, संगीत और भावपूर्ण मंचन के माध्यम से सेवा और समर्पण से जुड़े प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति में उत्साह, अनुशासन और सांस्कृतिक प्रतिभा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद बच्चों एवं नागरिकों ने भी प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

सेवा और समर्पण की भावना जन-जन तक पहुंचाने का उद्देश्य

इस आयोजन का उद्देश्य सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के कार्यों, संघर्षों और जनसेवा से जुड़े पहलुओं को जन-जन तक पहुंचाना तथा समाज के प्रति सेवा, समर्पण और सकारात्मक योगदान की भावना को प्रोत्साहित करना था। साथ ही विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना भी कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में नगर पंचायत के भानु पटेल, सिन्हा सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। नगर पंचायत डौंडीलोहारा की ओर से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यार्थियों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने आयोजन को यादगार बना दिया।

---

73 किलोग्राम वर्ग में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का बढ़ाया मान

टटेंगा की छात्रा खेमलता ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की कक्षा नौवीं की होनहार छात्रा खेमलता ने राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया और कांस्य पदक अपने नाम किया।

बलौदाबाजार में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेमलता ने 73 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच खेमलता ने अपने खेल कौशल और मेहनत के दम पर तीसरा स्थान हासिल किया। उनकी इस सफलता ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। सीमित संसाधनों के बीच निरंतर अभ्यास, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से हासिल की गई यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। विद्यालय के संस्था प्रमुख टीएल देवांगन ने खेमलता को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास और लगन का परिणाम है। छात्रा की उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को गर्व है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खेमलता भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगी। विद्यालय की पीटीआई रीना बोरकर ने कहा कि खेमलता की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास आवश्यक है।

उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य और आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, चंद्रा देबनाथ, रेशमी साहू, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, नीलिमा रजक सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। सभी ने खेमलता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सुंदरानी होंगे भिलाई-चरोदा नगर निगम के नए आयुक्त

भिलाई। नगरीय प्रशासन में संयुक्त संचालक के पद पर सेवारत एसके सुंदरानी को भिलाई-चरोदा निगम का आयुक्त बनाया गया है। उन्हें डीएस राजपूत की जगह पदस्थापना दी गई है। लंबे समय से राजपूत को हटाए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। एसके सुंदरानी इसके पहले दुर्ग और भिलाई निगम के आयुक्त रह चुके हैं। इस प्रकार जिले में उनकी तीसरी बार वापसी हो रही है। वे जिले के प्रशासनिक महकमें में भी सेवाएं दे चुके हैं।

